साँवरे से होगा मिलन धीरे धीरे

लग जाएगी लगन धीरे-धीरे,
साँवरे से होगा मिलन धीरे धीरे.....

प्रेम दिखा दो मीरा के जैसा,
कर लो भरोसा कर्मा के जैसा,
उड़ जाएगा यह मन धीरे-धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे.....

नन्हा सा बन के आया था हरी,
खेतों की जिसने की थी रखवारी,
खिल जाएगा चमन धीरे-धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे.....

अर्जुन के जैसा कर लो समर्पण,
चरणों में खुद को कर ले तू अर्पण,
धड़क उठेगी अगन धीरे-धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे.....

रस्ते में आया बनके बड़हिया,
गाड़ी सवारी और बने हैं खिवईया,
देकर यूं दर्शन चले धीरे धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे.....

दिल को लगा ले चरणों में प्यारे,
श्याम रहेगा नित साथ तुम्हारे,
महसूस होगी चुभन धीरे-धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31972/title/sanwre-se-hoga-milan-dheere-dheere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |